# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर में तीन-दिवसीय राजस्थान विज्ञान महोत्सव का आयोजन

### सीएसआईआर-सीरी, विज्ञान भारती-राजस्थान व डीएसटी-राजस्थान एवं राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त आयोजन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 के उपलक्ष्य में प्रदेश की राजधानी जयपुर में राजस्थान विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय राजस्थान विज्ञान महोत्सव के प्रथम दिन सीएसआईआर-डीएसटी प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के माननीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। दिनांक 26 से 28 फरवरी 2024 के दौरान आयोजित किए गए राजस्थान विज्ञान महोत्सव का आयोजन सीएसआईआर-सीरी सहित डीएसटी-राजस्थान, विज्ञान भारती – राजस्थान और राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह का उद्घाटन जयपुर स्थित राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, वैज्ञानिक संगठनों एवं तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ।




दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री संजय शर्मा, माननीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार

अपने मुख्य अतिथीय व्याख्यान में **श्री संजय शर्मा,** विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार ने उपस्थित जनसमुदाय को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के बल पर बहुत शीघ्र विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर आजादी के अमृत काल में देश को विकसित राष्ट्रों में सम्मिलित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




*उद्घान सत्रमें संबोधित करते हुए श्री संजय शर्मा, माननीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार*



राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र, जयपुर के सभागार में उपस्थित अतिथिगण एवं श्रोता

अपने संबोधन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने कोविड महामारी के दौरान देश के वैज्ञानिकों और चिकित्सकों द्वारा की गई सेवाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए वैज्ञानिकों, किसानों, उद्यमियों, सैनिकों के योगदान को भी याद किया। अपने संबोधन में उन्होंने युवा शक्ति को इस दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं और इसरो जैसे वैज्ञानिक संगठनों द्वारा किए जा रहे अनुसंधान कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि प्रदेश सरकार बहुत

शीघ्र राज्य में क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, पेटेंट इन्फॉरमेशन सेंटर आदि की स्थापना करने जा रही है। इसके अलावा हर जिले में विद्यार्थियों और किशोर में वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने के लिए विज्ञान पार्क भी बनाए जाएंगे। श्री सजय शर्मा ने इस अवसर पर केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यों एवं योजनाओं को भी रेखांकित किया।




*स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन देते हुए*
*डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक,* सीएसआईआर-सीरी



राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र, जयपुर के सभागार में उपस्थित अतिथिगण एवं श्रोता

**डॉ पी सी पंचारिया**, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने तीन दिवसीय विज्ञान महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर अपने स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन में राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में उपस्थित गणमान्य अतिथियों, विद्यार्थियों एवं अन्य दर्शकों को सीएसआईआर एवं सीरी की प्रमुख वैज्ञानिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के किसानों के लाभार्थ संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी रेखांकित किया। उन्होंने देश में चल रही सेमिकंडक्टर क्रांति में सीएसआईआर-सीरी की वर्तमान गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में शामिल होने के लिए सेमिकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ पंचारिया ने अतिथियों को बताया कि संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा सफेद, नीले, हरे, पीले स्वदेशी एलईडी चिप विकसित किए गए हैं जो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को पूरा करते हैं। उन्होंने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संस्थान की शोध एवं विकास गतिविधियों से लाभान्वित होने के लिए आमंत्रित किया। अंत में उन्होंने सभी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दीं।



*मुख्य अतिथि को शॉल व पगड़ी भेंट कर सम्मानित करते हुए*
*डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी*

डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने मुख्य अतिथि श्री संजय शर्मा, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार को शॉल व राजस्थानी पगड़ी भेंट कर उनका स्वागत किया। इसी प्रकार मंचस्थ अन्य अतिथियों का भी औपचारिक सम्मान किया गया।

इस अवसर पर **डॉ लक्ष्मण सिंह राठौड़**, पूर्व महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली एवं उपाध्यक्ष, विज्ञान भारती - राजस्थान ने आयोजन की रूपरेखा और पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। डॉ राठौड़ ने विज्ञान भारती के क्रियाकलापों एवं भावी योजनाओं से भी अवगत कराया।

उद्घाटन सत्र में डॉ प्रकाश चौहान, निदेशक, एनआरएससी-इसरो; प्रो आशुतोष शर्मा, अध्यक्ष, आईएनएसए, नई दिल्ली; श्री वी सरवन कुमार, सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार; तथा प्रोफेसर अल्पना कटेजा, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ रमेश अग्रवाल ने भी उपस्थित अतिथियों एवं छात्रों को संबोधित किया।

अंत में **श्री कैलाश मिश्र**, सहायक निदेशक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने माननीय मंत्री जी सहित सभी गणमान्य

अतिथियों एवं अन्य आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



*प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए श्री संजय शर्मा, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार*



*प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि श्री संजय शर्मा, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार*

**प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी**

मुख्य अतिथि श्री संजय शर्मा, माननीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित "सीएसआईआर एवं डीएसटी प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी" का भी उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में सीएसआईआर-सीरी सहित सीएसआईआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं (सीएमएपी, लखनऊ; आईएचबीटी, पालमपुर; सीएमईआरआई, दुर्गापुर और एनपीएल, नई दिल्ली) द्वारा विकसित कुछ प्रमुख प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में डीएसटी- राजस्थान द्वारा भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

आमंत्रित अतिथियों एवं आगंतुकों ने प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों के संबंध में रुचि प्रदर्शित करते हुए जानकारी प्राप्त की और वैज्ञानिकों की प्रशंसा की। प्रदर्शनी में उद्योग एवं शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न स्कूलों एवं शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी आदि आमंत्रित थे।

**की-नोट व्याख्यान**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित आरंभिक कार्यक्रम एवं टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी के बाद की-नोट व्याख्यान दिया गया। विवरण इस प्रकार है :

**शीर्षक** : स्पेस बेस्ड ऑब्जर्वेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट : इन्डिजिनस टेक्नोलॉजीज़ फॉर सस्टेनेबल भारत

**वक्ता** : डॉ प्रकाश चौहान, निदेशक, एनआरएससी-इसरो, हैदराबाद



*पेनल परिचर्चा के दौरान उपस्थित विद्वान विशेषज्ञ*

**पेनल परिचर्चा**

की-नोट व्याख्यान के उपरांत विषय पर दो पेनल परिचर्चाएं भी आयोजित की गईं जिसमें वैज्ञानिकों सहित उद्योग एवं शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पेनल परिचर्चा में निम्नलिखित विशेषज्ञ सम्मिलित थे :

**पेनल - 1(विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार : शोध प्रयोगशालाओं से आगे)**

1. प्रो. आनंद भालेराव, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, जोधपुर (अध्यक्ष)
2. डॉ राघव प्रकाश, निदेशक, परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सिलेन्स, जयपुर (मॉडरेटर)
3. डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी
4. प्रो. आशुतोष शर्मा, आईएनएसए, नई दिल्ली
5. प्रो. एस के सिंह, कुलपति, आरटीयू, कोटा
6. प्रो. अंबरीश एस विद्यार्थी, कुलपति, बीटीयू, बीकानेर
7. प्रो. बी आर गुर्जर, निदेशक, एनआईटीटीटीआर, चंडीगढ़

8. डॉ रंजना अग्रवाल, निदेशक, सीएसआईआर-निस्पर, नई दिल्ली
9. डॉ अश्विनी शर्मा, पूर्व कुलपति, एसएसपीयू, पुणे
10. श्री पी आर शर्मा, सीईओ, आइईपीसी, राजस्थान

**पेनल – 2 ( सामाजिक समस्याएँ : वैज्ञानिक समाधान)**

1. प्रोफेसर बलराज सिंह, कुलपति, एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. डॉ राघव प्रकाश, निदेशक, परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सिलेन्स, जयपुर (मॉडरेटर)
3. प्रोफेसर के के शर्मा, पूर्व कुलपति, एमडीएसयू, अजमेर




*कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, सीएसआईआर-सीरी एवं सुश्री अंजु सिंह, विज्ञान भारती - राजस्थान*

सीएसआईआर-सीरी के समन्वयन में राजस्थान विज्ञान महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर उद्घाटन सत्र, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी तथा पेनल परिचर्चाओं का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र का संचालन **श्री रमेश बौरा**, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी, सीएसआईआर-सीरी तथा विज्ञान भारती-राजस्थान की **सुश्री अंजू सिंह** ने किया। पेनल परिचर्चा-1 का संचालन **श्री प्रमोद तँवर**, प्रधान वैज्ञानिक (प्रमुख, पीएमई, सीएसआईआर-सीरी) ने तथा पेनल परिचर्चा- 2 का संचालन **डॉ उमेश गुप्ता**, प्रोफेसर, जेकेएल विश्वविद्यालय, जयपुर ने किया।

राजस्थान विज्ञान महोत्सव के दौरान दिनांक 27 फरवरी, 2024 को राजस्थान विश्वविद्यालय और विज्ञान पार्क, डीएसटी, जयपुर में दो समानांतर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रेमचंद बैरवा, माननीय उपमुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार थे, और विज्ञान पार्क में आयोजित कार्यक्रम आयोजन के विशिष्ट अतिथि श्री गोपाल शर्मा, माननीय विधायक, सिविल लाइन, जयपुर थे। तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी, पैनल परिचर्चा, युवा वैज्ञानिक सम्मेलन, विज्ञानिका, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, छात्र मॉडल प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।



*राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित डॉ प्रेमचंद बैरवा, माननीय उपमुख्य मंत्री, राजस्थान सरकार*



*समापन सत्र में पुरस्कृत विजेताओं के साथ श्री वासुदेव देवनानी, माननीय अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा और श्री मदन दिलावर, माननीय मंत्री, शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग*

समापन सत्र 28 फरवरी, 2024 को विज्ञान पार्क, डीएसटी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री वासुदेव देवनानी, माननीय विधानसभा अध्यक्ष, राजस्थान मुख्य अतिथि और श्री मदन दिलावर, माननीय शिक्षा और पंचायती राज मंत्री, राजस्थान सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री वी. सरवन कुमार, सचिव, डीएसटी-राजस्थान भी उपस्थित थे। समापन सत्र के दौरान माननीय विधानसभा अध्यक्ष ने विज्ञान महोत्सव के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। समापन सत्र के दौरान अतिथियों का औपचारिक स्वागत डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, सचिव, विज्ञान भारती - राजस्थान ने किया।

इस प्रकार सीएसआईआर-सीरी, विज्ञान भारती - राजस्थान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग- राजस्थान तथा राजस्थान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राजस्थान विज्ञान महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

---------------